>

Title: Need to extend benefits of National Health Insurance Scheme to BPL families of Madhya Pradesh.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना केन्द्र सरकार की एक महत्ती योजना है । इसके तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार अब अपना पंजीयन मात्र 30 रूपये में करवाकर एक वर्ष तक किसी भी शासकीय या निजी अस्पताल मं 30,000 रूपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकते हैं । इस योजना के तहत देश के कई प्रदेश के नागरिक लाभान्वित होकर 30,000 रूपये तक मुफ्त इलाज का लाभ लेकर केन्द्र सरकार द्वारा उठाए गए कल्याणकारी योजना की सराहना कर रहे हैं ।

मध्य प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार अभी तक इस महत्ती योजना से वंचित हैं । मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश में भी इस जनकल्याणकारी योजना को लागू किए जाने की पहल शीघ्र करें, जिससे देश के सभी राज्यों सहित मध्य प्रदेश में भी इस योजना का लाभ मिल सके ।